# एफएसएल और प्रदूषण अधिकारियों ने जुटाए साक्ष्य

## खरमसेड़ा में तीन मौतों के बाद कुएं की जांच के लिए पहुंचा दल, जहरीली गैस मीथेन की मात्रा अधिक मिली

नवभारत न्यूज

**सतना, 4 जुलाई. मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरमसेड़ा में तीन व्यक्तियों की मौत के बाद शनिवार को एफएसएल एवं प्रदूषण विभाग की टीम ने उस कुएं का निरीक्षण किया जिसमें उतरने के बाद तीन लोगों की मौत हो गई थी।**



यहां बता दें कि खरमसेड़ा गांव के एक कुएं में शुक्रवार की रात मवेशी गिर गया था, जिसे निकालने के लिए गांव के लोग कुएं में उतरे थे। कुएं में उतरने पर अचानक उनका दम घुटने लगा। जैसे तैसे उन्हें बाहर निकाल गया लेकिन हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक को उपचार प्रदान किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राहुल यादव पिता मोतीलाल (36), वीरेंद्र यादव पिता जगदीश प्रसाद (40) एवं कृष्ण दत्त यादव पिता रामदास (26) की मृत्यु हुई है। जबकि रामचंद्र पिता भानु प्रसाद यादव (50) का इलाज हो रहा है। तीनों मृतक एक ही परिवार के सदस्य बताए गए हैं। शनिवार को एफएसएल के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओपी ख्याति मिश्रा, रामनगर थाना टीआई विजय त्रिपाठी एवं अमरपाटन थाना टीआई विजय परस्ते सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। जहरीली गैस होने की सूचना पर सतना से प्रदूषण विभाग के अधिकारी भी जांच के लिए पहुंचे। प्रदूषण विभाग के अधिकारियों ने डिजिटल डिटेक्टर से गैस का पता लगाने का प्रयास किया। सूत्र बताते हैं कि मेथेन और कार्बनडाइ ऑक्साइड गैस होने की संभावना पाई गई है। एफएसएल अधिकारी द्वारा बोतल में गैस का सैंपल लिया गया है जिसे सागर लैब जांच के लिए भेजा जाएगा। वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि कुआं लगभग 45 फीट गहरा है, जिसमें ऊपर से 10 फीट के बाद विषैली गैस होने के संकेत मिले हैं। लैब से जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि कौन सी गैस वहां मौजूद थी। संभावना है कि मेथेन और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी वजनी गैस वहां हो सकती है जिससे कुएं में उतरे लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई और दम घुटने से उनकी जान चली गई। हालांकि मृत्यु का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट होगा।

### आर्थिक मदद का प्रस्ताव

शनिवार को खरमसेड़ा पहुंचकर सांसद गणेश सिंह ने घटना की विस्तृत जानकारी ली व पीड़ित परिवारों को शासन की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया. जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने भी मौके पर जाकर पीड़ित परिवारों से भेंट की और संबल योजना के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया.

### ऑक्सीजन का स्तर 12 से 13 रहा



पॉल्यूशन विभाग जी के बैगा की वैज्ञानिक जांच में अहम तथ्य सामने आए हैं। मौके पर किए गए परीक्षण में कुएं के भीतर मीथेन गैस का स्तर 12,900 पीपीएम से अधिक दर्ज किया गया, जबकि ऑक्सीजन का स्तर केवल 12 से 13 प्रतिशत पाया गया। सामान्य वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर लगभग 21 प्रतिशत होता है। प्रारंभिक जांच में यही स्थिति हादसे का प्रमुख कारण मानी जा रही है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।

### जिंदा बकरी को कुएं में उतारा

टीम कुएं में जहरीली गैस होने की बात कह रही है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों में इसे लेकर संशय है .ग्रामीणों का तर्क है कि यदि कुएं में इतनी खतरनाक गैस थी, तो प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से कुएं को तुरंत सील या बंद क्यों नहीं करवाया? इसी संशय और असमंजस के बीच शनिवार को कुछ ग्रामीणों ने खुद ही एक अनोखा प्रयोग कर डाला .ग्रामीणों ने लकड़ी का एक मचान तैयार किया और उस पर एक जीवित बकरी को रस्सी से बांधकर कुएं के भीतर उतारा .उनका मकसद यह देखना था कि क्या वाकई कुएं के अंदर गैस का असर होता है . हालांकि, कुछ देर बाद जब बकरी को सुरक्षित और सही-सलामत बाहर निकाल लिया गया, तो ग्रामीणों का संशय और गहरा गया

# इया सौ अंक कै यात्रा में अपना का साथ मिला

हम सुनेन रहे हयन कि कउनव काम लगन से किन जाय ता ओखर फल निकय मिलत हय. अब से दुइ -अढ़ाई बरिस पहिले आपन बोली-भाषा कै खितिर एक ठय छोट कै इया पहल भाखै बने ना बिनु भाखै लिखय का श्रीगणेश कीन्हेंन. हमहू जेता नीक अपना पाच्य बघेली जानित हयन हम नाही जानत रहेन. घर-परिवार मा बोली बतकहाव से मिले संस्कारन कै चलत कमर मा साफी बांध लीन्हेंन.मालिकान कै आगे जब इया बात रखेंन ता ओऊ सहमत होइगे.एक ठय छोट भाई पहिले अखबारन मा कार्टून बनबत रहा वैसे कहन कि हमी कॉलम कै मोनो बनय दे.ता वा कुछु पूछिस-अछिस कहिस करिहो पर समय लागी. महिना-डेढ़ महिना मा जब हम वोहि फोन कीन्हेंन ता दुइ रोज बाद भेज देय कै बात कहिस अउर भेजो दिहिस.अब हमार बारी आयगे .सबसे अधिक इया डेर लागय की नीक ना लिखिगा ता अपना पाच्य का सोचब.पर इया हम भाग्यशाली रहन पिता जी के मार्गदर्शन अउर अपना पाच्य कै आशीष से जे मिला पीठ थपथपाईस.फेर चुनाव कै बिचा कलेक्टर अनुराग वर्मा अपने से मतदातन का अपन भाषा मा पाती लिखवाइन.दाऊ साहब,राहुल भइया ता सब दिन एहि बोली मा बोलत रहे.पर अब ता मुन्ना भइया राजेन्द्र शुकुल, जनार्दन मिसिर, केदार शुकुल अउर कई जने बघेली मा बोलय लाग हेय. अउर ता अउर हाट-बाजार मा अब खूब सुनय का मिलय लग ही.यानी की कोउ गमहिया समझि इया सोच कै कोउ रुकय्या नाही. इया यात्रा मा पद्मश्री बाबूलाल दहिया जी कै लेखन से कउन अक्षर कइसन लिखा जई इया सीखय का मिला.प्रोफेसर यू पी पांडेय जब मिलय तब कुछु सलाह कै साथ यहया कहय की हम तोर लिखा पढ़ित हयन. कुलमिलाय कै इयां सौ अंक कै यात्रा मा जे-जे संगी बना ओखर आभार.




# इंजीनियरिंग कॉलेज को तकनीकी शिक्षा का उत्कृष्ट केन्द्र बनाएं : परमार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 जुलाई, शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में संचालक मण्डल तथा सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई. बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई.**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा तथा आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि रीवा इंजीनियरिंग कालेज का गौरवशाली इतिहास है. इसे तकनीकी शिक्षा का उत्कृष्ट केन्द्र बनाएं. विद्यार्थियों को रोजगार के अच्छे अवसर देने वाले तथा आधुनिक तकनीक से जुड़े पाठ्यक्रमों को शुरू करें. कालेज में 5 नए स्नातक कोर्स तथा 9 पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दी जा रही है. कालेज में पीएचडी की सुविधा के लिए फीस निर्धारण तथा अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें.

बैठक में कालेज के प्राचार्य तथा सदस्य सचिव डॉ. आरपी तिवारी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया. बैठक में कालेज के पूर्व छात्रों, उद्योगपतियों तथा इंजीनियरिंग कालेज के सहयोग से स्थापित होने वाले ट्रिपल आई सेंटर की स्थापना को मंजूरी दी गई. बैठक में सीएम संकल्प योजना के तहत कोडिंग लैब में प्रशिक्षण के संबंध में व्यय तथा संस्था के शिक्षकों को कॅरियर संवर्धन योजना का लाभ देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई. बैठक में सांसद जनार्दन मिश्र तथा विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने उपयोगी सुझाव दिए. बैठक में आरएस शर्मा डॉ. सुधीर सिंह भदौरिया, विष्णु अग्रवाल, भरत मिश्रा, डॉ. सुनील कुमार पाण्डेय तथा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे.

### 82 लाख की मंजूरी

बैठक में भवन सुधार एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए 78 .23 लाख रुपए तथा उपकरणों एवं फर्नीचर की खरीदी के लिए 82 .36 लाख रुपए के व्यय को मंजूरी दी गई.

# शहर में हो रही दूषित पानी की सप्लाई


**सतना, 4 जुलाई.** फिल्टर प्लांट फेल होने की वजह से इन दिनों शहर में दूषित पानी की सप्लाई नगर निगम कर रहा है.

# तीन किराना दुकानों से अवैध शराब जब्त, तीन पर केस दर्ज

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 जुलाई। जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने कार्रवाई की है।**

जहां आज शनिवार को वृत्त सरई अंतर्गत ग्राम भरसेड़ी, पापल और बंजारी में मुखबिर की सूचना पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान तीन किराना दुकानों से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद कर तीन आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। आबकारी टीम ने ग्राम भरसेड़ी में आरोपी रामनरेश यादव की दुकान एवं मकान से 42 पाव देशी शराब, 8 केन बीयर और 7 बोतल बीयर सहित कुल 16.11 बल्क लीटर मदिरा जप्त की। वही ग्राम पापल में सोना जायसवाल तथा बंजारी में मुकेश भुंजवा की दुकानों से 52 पाव देशी शराब बरामद की गई। कुल 25.47 बल्क लीटर अवैध शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 9,924 रुपये है, जप्त कर तीनों आरोपियों के विरुद्ध म.प्र.आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) के तहत मामला दर्ज किया गया।



# छ : माह के कारावास पूरा करने पर दायर करेंगे जमानत आवेदन

## 6 आरोपियों के जमानत आवेदन खारिज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 जुलाई. जिले के बैकुंठपुर थानान्तर्गत पिता-पुत्र के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों की तरफ से जमानत के लिए हाईकोर्ट की शरण ली थी।**

जमानत आवेदन की सुनवाई के दौरान आधा दर्जन आरोपियों ने आवेदन वापस लेने का आग्रह करते हुए कहा है कि वह 6 माह की कारावास अवधि पूरी करने के बाद जमानत आवेदन पेश करेंगे। हाईकोर्ट जस्टिस अजय कुमार निरंकारी ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए प्रकरण में दो अन्य आरोपियों को जमानत का लाभ प्रदान कर दिया। रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में सुरेश कचेर एवं उनके पुत्र पर हुए जानलेवा हमले में पुलिस ने आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था। जिला न्यायालय ने उनका जमानत आवेदन खारिज कर दिया था। जिसके बाद जमानत के लिए उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली थी। पीड्ति पक्ष ने जमानत आवेदन के विरोध करते हुए एकलपीठ को बताया कि आरोपियों ने पिता सुरेश और बेटे निशांत के साथ बेरहमी से मारपीट की थी। जिसके कारण दोनों को फ्रैक्चर व गंभीर चोटें थी।

सुनवाई के दौरान 6 आरोपियों की तरफ से जमानत आवेदन वापस लेने की प्रार्थना की। इसके साथ ही 6 महीने का कारावास पूर्ण होने के बाद दोबारा आवेदन लगाने की छूट प्रदान करने का आग्रह किया। एकलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए 6 आरोपियों के जमानत आवेदन को खारिज कर दिया। एकलपीठ ने अन्य आरोपियों को जमानत का लाभ प्रदान कर दिया। पीड़ित परिवार ने एडवोकेट सुजीत तोमर की पैरवी की सराहना की है।

# सवा किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सीधी, 4 जुलाई.** पुलिस के अनुसार 03 जुलाई को चौकी सिहावल पुलिस टीम ग्राम बमुरी क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की पतासाजी कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सुकपति पटेल, निवासी ग्राम घोपारी सोन नदी पुल मार्ग पर बमुरी स्कूल के समीप नीले रंग की पॉलीथिन में गांजा रखकर बिक्री हेतु ग्राहक की प्रतीक्षा कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम स्वतंत्र साक्षियों के साथ तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी में आरोपी के कब्जे से 1.254 किलोग्राम अवैध गांजा, अनुमानित कीमत 12,500 रुपये बरामद कर विधिवत जप्त किया गया। अ

# डीईओ ने तीन स्कूलों का किया औचक निरीक्षण, कमी पर प्राचार्यों और शिक्षकों को फटकार

## साफ-सफाई, पढ़ाई और रिकॉर्ड में मिली खामियां, लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 4 जुलाई. जिला शिक्षा अधिकारी कविता त्रिपाठी ने शनिवार को जिले के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजमिलान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोयलखूंथ तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माड़ा का औचक निरीक्षण किया।**



निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की साफ-सफाई, छात्र उपस्थिति, साइकिल एवं पुस्तक वितरण, अपार आईडी, शिक्षक डायरी, नामांकन अभिलेख, विद्यालय रिकॉर्ड तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किए गए पौधरोपण का गहन परीक्षण किया गया। निरीक्षण में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजमिलान में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी जताई। प्रभारी प्राचार्य को एक सप्ताह के भीतर व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी गई कि लापरवाही जारी रहने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोयलखूंथ में पुस्तक वितरण के दौरान विद्यार्थियों की भीड़ देखकर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य एवं पुस्तक वितरण प्रभारी को फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विद्यार्थियों को कक्षाओं में बैठाकर व्यवस्थित तरीके से पुस्तकें वितरित की जाएं। साथ ही नियमित एवं सुव्यवस्थित कक्षाएं संचालित करने के भी निर्देश दिए।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माड़ा में निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक एक साथ बैठे मिले, जबकि कई छात्र-छात्राएं विद्यालय परिसर में इधर-उधर घूमते पाए गए। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य एवं संबंधित शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। करीब एक घंटे तक चली बैठक में प्रत्येक शिक्षक से उनकी शैक्षणिक गतिविधियों और शिक्षक डायरी का अवलोकन किया गया, लेकिन संतोषजनक जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की।

### कमी मिलने पर होगी कार्रवाई : कविता

निरीक्षण के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी कविता त्रिपाठी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि आगामी निरीक्षण में यदि विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन और व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं मिला तो संबंधित प्राचार्यों एवं शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव लोक शिक्षण संचालनालय को भेजा जाएगा।

# शासकीय जमीन पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## चुरकी में अवैध कब्जा हटाकर भूमि कराई गई मुक्त, न्यायालय के आदेश के बाद हुई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 4 जुलाई। शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ तहसील दुधमनिया प्रशासन ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए ग्राम चुरकी में बुलडोजर चलाकर करीब डेढ़ एकड़ सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की गई इस कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम पूरे समय मौके पर मौजूद रही।**



प्रशासन के अनुसार ग्राम चुरकी की आराजी क्रमांक 1786, रकबा 1.080 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जा किया गया था। संबंधित पक्षों को पहले नोटिस जारी कर स्वयं कब्जा हटाने का अवसर दिया गया, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद तहसील प्रशासन ने जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण हटाकर भूमि को कब्जामुक्त करा लिया।

तहसीलदार सारिका परस्ते के नेतृत्व में सुबह से शुरू हुई कार्रवाई में राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, कोटवार सहित राजस्व अमला मौजूद रहा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना मोरवा से पुलिस बल तैनात किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी तरह कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# अपहृत नाबालिग दस्तयाब, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सीधी, 4 जुलाई. थाना रामपुर नैकिन पुलिस की प्रभावी कार्रवाई में अपहृत नाबालिग को दस्तयाब कर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।**



थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में रामपुर नैकिन पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार दिनांक 01 जुलाई 2026 को फरियादी ने सूचना दी कि उसकी 17 वर्ष 02 माह की नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए चली गई है, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका है। सूचना पर थाना रामपुर नैकिन में, धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना एवं सतत पतासाजी के दौरान दिनांक 02 जुलाई 2026 को पुलिस टीम ने नाबालिग बालिका को ग्राम सोनतीर करौदहा, थाना कमर्जी से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया । बालिका के कथनों एवं विवेचना के आधार पर प्रकरण में धारा 64(2)(एम), 96 बीएनएस तथा धारा 5(एल)/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। आरोपी को दिनांक 03 जुलाई 2026 को गिरफ्तार किया गया।

# सरई,जयंत एवं नौडिहवा में नए प्रभारियों की तलाश तेज

## तबादलों के बाद थाना व चौकी प्रभारियों की दौड़ शुरू, एसपी के फैसले पर टिकी थाना-चौकी की कमान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 जुलाई। जिले के थाना सरई एवं यातायात प्रभारी के साथ दो चौकी प्रभारियों का तबादला होने के बाद अब चौकी प्रभारी बनने के लिए भाग-दौड़ उप निरीक्षक करने लगे हैं। एक-दो दिन बाद नौडिहवा एवं जयंत चौकी प्रभारी को पुलिस अधीक्षक भारमुक्त कर सकते हैं।**

ऐसी चर्चाएं पुलिस महकमे में खूब चलने लगी हैं, लेकिन अब जयंत, नौडिहवा, गोभा, निवासी का चौकी प्रभारी कौन होगा, एक सप्ताह के अंदर स्थिति स्पष्ट होने की संभावना है।

दरअसल बीते दिन शुक्रवार की रात करीब 10 बजे म.प्र. पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा निरीक्षक एवं उप निरीक्षको के तबादला सूची जारी की गई। इस तबादला सूची में सरई में पदस्थ थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया को डिंडौरी एवं यातायात प्रभारी कार्यवाहक निरीक्षक दिपेन्द्र सिंह कुशवाह को रक्षित केन्द्र रीवा के लिए तबादला किया गया। अब सरई थाना के साथ-साथ यातायात प्रभारी कौन होगा, इसके लिए भी भाग-दौड़ शुरू हो गई। वहीं जयंत एवं नौडिहवा चौकी प्रभारी का भी तबादला होने के बाद दोनों चौकियों का प्रभारी कौन होगा, इसके लिए प्रभारी मंत्री के यहां दावेदार एवं उप निरीक्षक परिक्रमा करने लगे हैं। हालांकि आईजी रीवा एवं एसपी सिंगरौली के कड़े रूप को देख दावेदारों के पसीने भी छूट रहे हैं। यहां बताते चले कि आईजी एवं एसपी बगैर किसी दबाव के पुलिसिंग कराने के मुड में हैं। ऐसे में दावेदार भी चिंतित हैं। फिलहाल सरई एवं यातायात प्रभारी के साथ-साथ पुलिस चौकी प्रभारी कौन होंगे, इस पर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। प्रभारी मंत्री के यहां जो जितना परिक्रमा करेगा, लाभ उसी को मिल सकता है।




### चौकी इंचार्ज बनने वालों को लगा झटका

यातायात कसर चौकी प्रभारी बनने के लिए कोतवाली बैढ़न के दो सहायक उप निरीक्षक खूब भाग-दौड़ किये और सत्ताधारी कथित नेताओं के लेटरपैड में अपने पक्ष में लिखापढ़ी कराने में सफल हो गया। लेकिन एसपी दफ्तर में उनका पत्र पहुंचते ही निरर्थक हो गया। दावेदार बड़ी उम्मीद पाल कर रखे थे कि कसर यातायात चौकी संभालने का जिम्मा मिल जाएगा। परंतु एसपी के आगे किसी की नही चली और दावेदारों को झटका भी लगा है। जबकि दावेदार जोरशोर से कह रहे थे कि पोस्टिंग हर हाल में होगी।


tifr HBCSE
होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र
टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च

भारतीय गणित ओलंपियाड पात्रता परीक्षा (IOQM) 2026-27

भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (INMO) 2027 में भाग लेने के इच्छुक छात्रों के लिए, राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड पात्रता परीक्षा (IOQM) में शामिल होना अनिवार्य है।
**यह परीक्षा 6 सितंबर, 2026 को आयोजित की जाएगी।**
IOQM में सफल होने वाले छात्र INMO 2027 में भाग लेने के पात्र होंगे। यह अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) 2027 और यूरोपीय गर्ल्स गणित ओलंपियाड (EGMO) 2028 में भारतीय टीम के आधिकारिक सदस्य के रूप में भागीदारी की दिशा में पहला चरण है।

अधिक जानकारी और पंजीकरण लिंक:
https://olympiads.hbcse.tifr.res.in एवं https://www.mtai.org.in/

पंजीकरण संबंधित परीक्षा केंद्रों पर सीधे किया जा सकता है
इसके अलावा, ऑनलाइन पंजीकरण भी 29 जून 2026 से शुरू होगा
ऑनलाइन पंजीकरण के लिए वेबसाइटः https://ioqm.mtai.org.in/

पंजीकरण की अंतिम तिथिः 25 जुलाई 2026

CBC 48143/11/0004/2627


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99